**RR+PR**

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **85-H** ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

**Code No. : 85-H Subject : SOCIAL SCIENCE**

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater + Private Repeater )**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ कुल 56 प्रश्न हैं ।

ii) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हेतु जगह का प्रबंध है । आपको सही विकल्प का चयन कर उत्तर को पूर्ण रूप से अक्षर के साथ लिखना है ।

iii) गैर-वस्तुनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के नीचे पर्याप्त जगह का प्रबंध है । आपको प्रश्नों के उत्तर उसी जगह में देना है ।

iv) वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्नों के लिए दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

v) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम तथा मानचित्र ) ।

vi) बहुविकल्पीय, रिक्त स्थान की पूर्ति एवं जोड़े मिलाना प्रश्नों के मामले में रगड़ने / दोबारा लिखने / चिह्नित करने की अनुमति नहीं है, ऐसे में मूल्यांकन के लिए अयोग्य माना जायेगा ।

vii) प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु परीक्षार्थी को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

viii) दाहिनी तरफ हाशिए में जो जगह छोड़ी गयी है उसमें कुछ मत लिखिए ।

I. नीचे दिए प्रत्येक प्रश्न / अपूर्ण वाक्यांश के लिए चार विकल्प दिए हैं । इनमें से केवल एक सही अथवा सर्वथा उपयुक्त है । सही विकल्प का चयन करते हुए उसे प्रश्न के नीचे प्रदत्त निर्धारित स्थान पर पूर्ण रूप से संकेताक्षर सहित लिखें । 15 × 1 = 15

1. राजस्व व्यवस्था जो कृषकों को उसके जमीन पर अधिकार को मान्यता प्रदान करता है, है

(A) रैयतवाड़ी प्रथा (B) महालवाड़ी प्रथा

(C) जमींदारी प्रथा (D) स्थायी भूमि राजस्व प्रथा।

2. संविधान के ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष थे

(A) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद (B) डॉ० बी. आर. अम्बेडकर

(C) सरदार वल्लभभाई पटेल (D) सरोजिनी नायडू।

3. गोआ पुर्तगालियों से स्वतंत्र हुआ सन्

(A) 1954 में (B) 1963 में

(C) 1961 में (D) 1971 में।

4. 1966 में चीन में सांस्कृतिक आन्दोलन प्रारंभ करने का उद्देश्य था

(A) मंचुरिया से जापानियों को भगा देना

(B) मंचू शक्तियों का अंत करना

(C) बौद्ध मंदिरों को तोड़ना तथा धर्म में विश्वास करने वालों को मार डालना

(D) प्रजातंत्र की स्थापना।

5. जर्मनी का तानाशाह था

(A) हिटलर (B) मुसोलिनी

(C) डी गाल (D) लेनिन।

6. ग्रामीण महिलाओं के विकास के लिए प्रवर्तित योजना है

(A) स्वयं सिद्धा

(B) राष्ट्रीय महिला विमोचन

(C) बालिका समृद्धि योजना

(D) स्त्री शक्ति।

7. किस वर्ष को महिला सशक्तिकरण वर्ष के रूप में घोषित किया गया ?

(A) 2001 (B) 2005

(C) 1998 (D) 2004.

8. SAARC का मुख्यालय स्थित है

(A) कोलम्बो में

(B) काठमाण्डू में

(C) ढाका में

(D) दिल्ली में।

9. कोरोमंडल तट पर अधिकांशतः वर्षा किस समय होती है ?

(A) गर्मी में

(B) पछाती मानसून में

(C) जाड़े में

(D) दक्षिण-पश्चिम मानसून में।

10. मैंग्रोव जंगलों में लटकता हुआ जड़ वाला पेड़ का सबसे अच्छा उदाहरण है

(A) चंदन

(B) सागौन

(C) बरगद

(D) आम।

11. पेट्रोलियम तरल सोना कहा जाता है, क्योंकि

(A) इसका उपयोग सभी आर्थिक क्रियाकलापों में होता है

(B) यह तरल अवस्था में होता है

(C) यह प्रचुर मात्रा में पाया जाता है

(D) यह सुनहरा ( golden ) रंग का होता है।

12. भारत का रूर ( Ruhr ) है

(A) बिहार

(B) पश्चिम बंगाल

(C) छोटानागपुर पठार

(D) झारखण्ड।

13. भारतीय अनाज संग्रहण केन्द्र स्थित है

(A) मैसूर में (B) बीदर में

(C) गुलबर्गा में (D) हापुड़ में।

14. मुख्य रूप से इण्डस्ट्रियल डिजाइन सेन्टर की स्थापना की गई

(A) भारतीय स्थिति के अनुसार मशीनों की डिजाइन के लिए

(B) वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए

(C) विपणन सहायता प्रदान करने के लिए

(D) तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए।

15. कर्नाटक में अंकोला किस संगठन के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) शराब दुकान के विरुद्ध धरना

(B) वन सत्याग्रह

(C) नमक सत्याग्रह

(D) ध्वजा सत्याग्रह।

II. निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित शब्द भरिए : $5 \times 1 = 5$

16. समुद्र यात्रा प्रारंभ करने वाला प्रथम देश ............................ है।

17. भारत में सबसे अधिक वर्षा होनेवाली जगह ....................... है।

18. वस्तुओं के बदले में वस्तुओं का विनिमय ........................ कहलाता है।

19. भ्रष्टाचार से प्रतिरोध के लिए सरकार ने .............................. संस्था की स्थापना की है।

20. वर्ष 2002 में अफगानिस्तान में ................................ संगठन संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से हार गया ।

III. 21. **सूची - A** से **सूची - B** का मिलान कर सही उत्तर प्रदत्त स्थान पर लिखें :

5 × 1 = 5

| **सूची - A** | **सूची - B** |
|---|---|
| (a) आर्य समाज | (i) ज्योतिबा फुले |
| (b) सत्य शोधक समाज | (ii) 1950 |
| (c) अलीगढ़ आन्दोलन | (iii) दयानन्द सरस्वती |
| (d) भारत का संविधान लागू हुआ | (iv) सर सय्यद अहमद खान |
| (e) रिजर्व बैंक आफ इण्डिया की स्थापना हुई | (v) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम (1947 ई०) |
| | (vi) भारत सरकार अधिनियम (1935 ई०) |
| | (vii) डॉ० आत्माराम पाण्डुरंग |
| | (viii) स्वामी विवेकानन्द। |

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** वाक्य में दीजिए : 9 × 1 = 9

22. 'आधुनिक मैसूर राज्य के रचयिता' किन्हें कहा जाता है ?

23. चीन में मंचू शासन को समाप्त करने वाले नेता का नाम लिखें।

24. द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका क्यों शामिल हुआ ?

25. वीटो पावर क्या है ?

26. अमेरिका का गाँधी के रूप में कौन लोकप्रिय हैं ?

27. मानव अधिकार क्यों आवश्यक है ?

28. सुन्दरवन नाम कैसे पड़ा ?

29. तलकर्षण ( dredging ) क्या है ?

30. हरित क्रांति क्या है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** वाक्यों में दीजिए : $16 \times 2 = 32$

31. मद्रास की संधि की शर्तें क्या थीं ?

32. रणजीत सिंह को सिखों के प्रसिद्ध शासक के रूप में क्यों वर्णित किया गया है ?

33. ब्रिटिश शासन काल के दौरान परिवहन तथा संचार कैसे भारतीयों में एकता के भाव का विकास किया ?

34. इसूर के भारत छोड़ो आन्दोलन का वर्णन करें।

35. हैदराबाद में पुलिस कार्रवाई करने का निर्णय पटेल ने क्यों लिया ?

36. प्रथम विश्वयुद्ध के समय प्रतिस्पर्धी ( Rival ) मैत्री व्यवस्था का वर्णन करें।

37. AGMARK क्यों अनिवार्य है ?

38. संयुक्त राष्ट्र संघ के महत्वपूर्ण अंगों का उल्लेख करें।

39. भारत के संविधान में मानव अधिकार कैसे संरक्षित है ?

40. पश्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट में अंतर बताएँ।

41. बाक्साइट अयस्क के उपयोग का वर्णन करें।

42. सीमेंट की खपत राष्ट्र की प्रगति का सूचक है। कैसे ?

43. आजकल अन्तर्देशीय जल परिवहन अपना महत्व क्यों खोता जा रहा है ?

44. लघु उद्योग कैसे कार्य करते हैं ?

45. तृतीय पंचवार्षिक योजना के असफल होने के कारण क्या हैं ?

46. गुट-निरपेक्ष आन्दोलन के नेता कौन-कौन थे ?

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **छः** वाक्यों में दीजिए : $6 \times 3 = 18$

47. भारत में पुर्तगाली शक्तियों के पतन के कारण क्या थे ?

48. 1857 के विद्रोह की असफलता के कारण क्या थे ?

49. महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ?

50. मृदा अपरदन ( Soil erosion ) के नियंत्रण की विधियों का उल्लेख करें।

51. मिश्रित कृषि व्यावसायिक कृषि से कैसे भिन्न है ?

52. खुदरा व्यापारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएँ क्या हैं ?

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **आठ** वाक्यों में दीजिए : $3 \times 4 = 12$

53. भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में सुभाष चन्द्र बोस की भूमिका का वर्णन करें।

54. भारत रूस के साथ अच्छा संबंध निभाता है। वर्णन करें।

55. भारतीय कृषि के पिछड़ेपन के कारण क्या हैं ?

VIII. 56. भारत का रेखा मानचित्र ( नक्शा ) बनाकर निम्न को चिह्नित करें : $1 + 3 = 4$

(a) कावेरी नदी

(b) भाखरा नानगल परियोजना

(c) कांडला।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 56 के बदले में )**

भारतीयों के जीवन में हिमालय क्या महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ? 4